अध्याय – 1


# भाषा, लिपि और संवाद

## शब्द ज्ञान

| लिपि | संवाद | चिह्न | आकार |
| --- | --- | --- | --- |

## व्याख्या

मान लीजिए कि एक दिन आप अपने मित्र के घर गए, पर आपका मित्र आपको घर पर नहीं मिला। उसका घर बहुत अच्छा था और उसकी मम्मी ने बहुत अच्छी खाने की चीज़ें भी आपके सामने रखीं, किंतु वहाँ पर बातचीत करने वाला कोई नहीं था। कुछ देर प्रतीक्षा करने के बाद आप अपने दूसरे मित्र के घर चले गए, जहाँ आपसे बातचीत करने के लिए आपका मित्र उपस्थित था। आप उससे मिले, उसके साथ बातचीत की और थोड़ी देर उसके साथ खेलकर अपने घर वापस चले गए।



1. पहली स्थिति में, जब आपके साथ बात करने के लिए कोई नहीं था, केवल खाने की चीज़ें थीं; उस समय आपको कैसा लगा ?

_______________________________________________

_______________________________________________

© एजुकेशन क्वालिटी फाउंडेशन ऑफ इंडिया



ऐन ई॰ क्यू॰ एफ॰ आई॰ रिसर्च इनीशिएटिव


2. दूसरी स्थिति में, जब आपसे बातचीत करने वाला मित्र आपके पास था, तब आपको कैसा लगा ? अपने उत्तर के लिए कारण दीजिए।

________________________________________

________________________________________


________________________________________

आप यह तो समझ ही गए होंगे कि जीवन में बातचीत कितनी ज़रूरी है। इसके लिए दो व्यक्तियों का होना भी ज़रूरी है क्योंकि अकेला व्यक्ति बातचीत नहीं कर सकता।





यहाँ एक गुजराती व्यक्ति किसी पंजाबी व्यक्ति से रास्ता पूछ रहा है, लेकिन पंजाबी व्यक्ति को कुछ भी समझ नहीं आ रहा है क्योंकि वह उसकी भाषा नहीं जानता। वास्तव में, दोनों ही एक–दूसरे की भाषा नहीं जानते। इससे पता चलता है कि बोलने वाले व्यक्ति की बात समझने तथा उसका जवाब देने के लिए दूसरे व्यक्ति के पास भी उसी भाषा का ज्ञान होना ज़रूरी है, तभी बातचीत आगे बढ़ती है।





© एजुकेशन क्वालिटी फाउंडेशन ऑफ इंडिया










| राज्य | भाषा |
|---|---|
| कश्मीर | कश्मीरी |
| पंजाब | पंजाबी |
| बंगाल | बाँग्ला |
| उड़ीसा | उड़िया |
| असम | असमिया |

| राज्य | भाषा |
|---|---|
| तमिलनाडु | तमिल |
| कर्नाटक | कन्नड़ |
| आंध्रप्रदेश | तेलुगु |
| गुजरात | गुजराती |
| महाराष्ट्र | मराठी |



## क्रियाकलाप

अपनी कक्षा में ऐसे विद्यार्थियों का पता लगाइए, जो हिंदी तथा अंग्रेज़ी के अलावा अन्य भाषाएँ भी जानते हैं। अध्यापिका उन विद्यार्थियों से उस भाषा में कोई संवाद या कोई गाना गाने के लिए कहें। इस आधार पर विद्यार्थी निम्नलिखित विवरण भरें।

क. आपको कौन–सी भाषा का गाना / संवाद अच्छा लगा ?

ख. कौन–सी भाषा आपको समझ आई ?



© एजुकेशन क्वालिटी फाउंडेशन ऑफ इंडिया

ऐन ई॰ क्यू॰ एफ॰ आई॰ रिसर्च इनीशिएटिव

# लिपि

## व्याख्या



1. दिए गए चित्र में अध्यापिका क्या कर रही हैं ?

_______________________________________

_______________________________________

2. अध्यापिका द्वारा प्रयोग में लाई जाने वाली भाषा का रूप क्या कहलाएगा ?


_______________________________________

3. विद्यार्थी क्या कर रहे हैं ?


_______________________________________

4. विद्यार्थियों द्वारा प्रयोग में लाई जाने वाली भाषा का रूप क्या कहलाएगा ?

_______________________________________




इस तरह आपने जाना कि मौखिक भाषा को लिखने के लिए हमें कुछ चिह्नों या संकेतों की आवश्यकता होती है। यदि हम 'क' ध्वनि का उच्चारण करते हैं, तो हमारे मस्तिष्क में 'क' ध्वनि का आकार बनता है और यदि हम उस ध्वनि को लिखते हैं, तो हम ऐसा 'क' आकार बनाते हैं। यही आकार 'लिपि' कहलाता है।





## परिभाषा

**किसी भी भाषा की ध्वनियों को लिखने का ढंग लिपि कहलाता है।**


© एजुकेशन क्वालिटी फाउंडेशन ऑफ इंडिया

आइए, विभिन्न भाषाओं की लिपियों के विषय में जानें तथा यह देखें कि अलग–अलग लिपियों में एक ही शब्द को किस प्रकार लिखा जाता है।

| भाषा | लिपि | शब्द |
|---|---|---|
| हिंदी | देवनागरी | अमन |
| अंग्रेज़ी | रोमन | Aman |
| पंजाबी | गुरुमुखी | ਅਮਨ |
| उर्दू | फ़ारसी | امن |
| मराठी | देवनागरी | अमन |
| तमिल | तमिल | அமன் |
| तेलुगु | तेलुगु | అమన్ |
| बाँग्ला | बंगाली | অমন |



## क्रियाकलाप

**आओ मिलकर खेलें खेल!**

**दो–दो की जोड़ी में बँट जाइए। पूछे गए राज्य, उनकी भाषा और लिपियों के नाम लिखिए। इसके पश्चात् दोनों विद्यार्थी 'चिड़िया उड़ी' खेल के नियमानुसार बारी–बारी अपने उत्तरों का मिलान करें।**

| राज्य | भाषा | लिपि |
|---|---|---|
| पंजाब | ________ | ________ |
| ________ | मराठी | ________ |
| ________ | ________ | बंगाली |
| तमिलनाडु | ________ | ________ |
| ________ | ________ | तेलुगु |



© एजुकेशन क्वालिटी फाउंडेशन ऑफ इंडिया

## व्याख्या

भाषा और लिपि के विषय में जानने के बाद हम यह जानेंगे कि संवाद क्या है तथा हम इसका प्रयोग कब तथा कैसे करते हैं।



संवाद का अर्थ है 'बातचीत'। हम प्रतिदिन एक–दूसरे से बातचीत करते हैं, एक–दूसरे को अपनी बातें बताते हैं तथा दूसरों से अनेक नई जानकारियाँ लेते हैं। यदि हमारे जीवन में बातचीत न हो, तो हम कोई काम नहीं कर पाएँगे। बातचीत हमारे लिए हर जगह आवश्यक है। जैसे– बाज़ार में चीज़ें खरीदते समय, विद्यालय में अध्यापक से पढ़ते समय आदि। आइए, संवाद का एक उदाहरण देखें।

क्या तुम विद्यालय जा रहे हो ?

हाँ, क्या तुम नहीं जाओगे ?

नहीं ! आज मेरा स्वास्थ्य कुछ ठीक नहीं है, इसलिए मैं विद्यालय नहीं जा पाऊँगा।

अच्छा, अपना ध्यान रखना।

ठीक है। विद्यालय में हुए कार्य की जानकारी, मैं तुम से बाद में ले लूँगा।


## क्रियाकलाप

**दो–दो की जोड़ी में बँट जाइए। अपने मित्र के साथ मिलकर दुकानदार–ग्राहक, डॉक्टर–मरीज आदि बनकर संवाद कीजिए। दिए गए स्थान में अपने और अपने मित्र द्वारा किया गया संवाद लिखिए।**

________________________________________

________________________________________


© एजुकेशन क्वालिटी फाउंडेशन ऑफ इंडिया



## अभ्यास

1. भाषा का अर्थ बताइए।

2. लिपि को परिभाषित कीजिए।

3. संवाद का अर्थ बताइए।



© एजुकेशन क्वालिटी फाउंडेशन ऑफ इंडिया

**4. हमारी राष्ट्रभाषा का नाम और उसकी लिपि बताइए।**

राष्ट्रभाषा ____________ लिपि ____________

**5. भाषा और लिपि में अंतर बताइए।**

______________________________________________

______________________________________________

______________________________________________

______________________________________________

**6. सही पर ( ✓ ) तथा गलत पर ( × ) का चिह्न लगाइए।**

क. आंध्रप्रदेश में तेलुगु भाषा बोली जाती है। ( )


ख. असम के लोग उड़िया भाषा बोलते हैं। ( )

ग. टेलीफोन पर बोली जाने वाली भाषा लिखित होती है। ( )

घ. मराठी महाराष्ट्र में बोली जाती है। ( )

ङ. हम अपने विचारों को केवल बोलकर ही प्रकट कर सकते हैं। ( )

**7. भारत में बोली जाने वाली भाषाओं के नाम खाली वर्ग में भरकर वर्ग–पहेली हल कीजिए।**







© एजुकेशन क्वालिटी फाउंडेशन ऑफ इंडिया

## अतिरिक्त अभ्यास

**किन्हीं दो व्यक्तियों के चित्र काटकर चिपकाइए और कल्पना कीजिए कि उन दोनों के बीच संवाद हो रहा है। दिए गए स्थान में उस संवाद को लिखिए।**

## परियोजना

**निम्नलिखित देशों की भाषाओं तथा लिपियों के नाम पता लगाइए।**

**श्रीलंका, नेपाल, चीन, पाकिस्तान, तिब्बत, भूटान**

# मेरा पृष्ठ



© एजुकेशन क्वालिटी फाउंडेशन ऑफ इंडिया